आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 28.07.2024

<u>मुख्य समाचारः–</u>

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में लोगों से देश को नशीली दवाओं से मुक्त करने का किया आह्‌वान।

2– असम के पूर्व सांसद रामेन डेका को छत्तीसगढ़ का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया।

3– केंद्रीय मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कहा कि रायगढ़, कोरबा, भिलाई और रायपुर के ईएसआईसी अस्पतालों में सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त की जाएंगी–छत्तीसगढ़ के दो और जिलों में जल्द शुरू किए जाएंगे खेलो इंडिया सेंटर।

4– केंद्रीय महिला और बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने आज सरगुजा जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों और सखी वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण।

<u>मन की बात</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र सरकार नशीली दवाओं के खतरे से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने लोगों से देश को नशीली दवाओं से मुक्त करने का आह्‌वान किया। मादक पदार्थों की समस्या की चुनौती का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि सरकार ने मानस नामक एक विशेष पहल की है।

प्रधानमंत्री ने असम के चराइदेव मोइदाम को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों में शामिल किए जाने को गर्व की बात बताया है। श्री मोदी ने कहा कि कोई भी देश अपनी संस्कृति पर गर्व करके ही प्रगति कर सकता है। प्रधानमंत्री ने कला और संस्कृति प्रेमियों से सार्वजनिक कला पर और अधिक काम करने का अनुरोध किया। साथ ही प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से ओलम्पिक खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने इंटरनेशनल मैथमैटिक्स ओलम्पियाड में भारत के विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन के लिए उनकी प्रशंसा की।

श्री मोदी ने कहा कि दुनियाभर में कल अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाघ भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहे हैं और जंगलों के आसपास के गांवों में लोग बाघ के साथ सद्‌भाव से रहना जानते हैं।

प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से पंद्रह अगस्त नजदीक आने पर हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने के लिए भी कहा। उन्होंने लोगों को 'हर घर तिरंगा डॉट कॉम' पर तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस से पहले माय जीओवी या नमो ऐप पर उनके सुझाव भी मांगे और कहा कि वह स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में यथासंभव अधिक से अधिक सुझावों को शामिल करेंगे।

<u>मन की बात–छत्तीसगढ़</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को देशभर सहित छत्तीसगढ़ में भी सुना गया। केंद्रीय महिला और बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने
अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आज अंबिकापुर स्थित पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम में मन की बात कार्यक्रम को सुना। मन की बात श्रवण कार्यक्रम में अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, कलेक्टर विलास भोसकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

रामेन डेका–छत्तीसगढ़ राज्यपाल

असम के पूर्व सांसद रामेन डेका को छत्तीसगढ़ का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। श्री डेका, राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन का स्थान लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों के राज्यपालों की नई नियुक्ति की है। सत्तर वर्षीय श्री डेका वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव हैं और दो बार सांसद रह चुके हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री डेका को छत्तीसगढ़ के नये राज्यपाल नियुक्त होने पर शुभकामनाएं दी हैं। श्री साय ने कहा कि एक संरक्षक के रूप में उनके सामाजिक और राजनीतिक अनुभव का लाभ छत्तीसगढ़वासियों को मिलेगा।

मांडविया–ईएसआईसी

केंद्रीय रोजगार और श्रम मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के रायगढ़, कोरबा, भिलाई और रायपुर में संचालित कर्मचारी राज्य बीमा निगम–ईएसआईसी अस्पतालों में चिकित्सक सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त की जाएंगी। उन्होंने श्रम विभाग के प्रस्ताव पर रायगढ़ जिले के लारा और खरसिया में ईएसआईसी औषधालय शुरू करने की सहमति भी दी।

श्री मांडविया ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान कल रायपुर में आयोजित बैठक में श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान राज्य के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने केंद्रीय मंत्री को प्रदेश के ईएसआईसी अस्पतालों में डॉक्टरों, विशेषज्ञ डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और नर्सिंग स्टाफ की कमी के संबंध में अवगत कराया। इस पर केंद्रीय मंत्री ने ईएसआईसी के अधिकारियों को अस्पतालों की सभी कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।

मांडविया–खेलो इंडिया सेंटर

वहीं, केन्द्रीय खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने रायपुर में आयोजित बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ के दो और जिलों में जल्द ही खेलो इंडिया सेंटर की स्वीकृति दी जाएगी। केन्द्र सरकार, खेलो इंडिया सेंटरों में अधोसंरचना निर्माण के लिए भी मदद करेगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के इकतीस जिलों में खेलो इंडिया सेंटर का संचालन किया जा रहा है। दो नये जिलों में स्वीकृति मिलने के बाद राज्य के सभी जिलों में खेलो इंडिया सेंटर शुरू हो जाएंगे। इससे राज्य के खेल प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलेगा। इन सेंटरों में लगभग बारह सौ खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

केंद्रीय राज्यमंत्री–समीक्षा

केंद्रीय महिला और बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कल नवा रायपुर में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के विकास के लिए संचालित योजनाओं का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। श्रीमती ठाकुर ने अधिकारियों से कहा कि वे जमीनी स्तर पर योजनाओं की स्थिति का नियमित निरीक्षण करें और महिलाओं तथा बच्चों की बेहतरी के लिए हरसंभव मदद करें। साथ ही लाभार्थियों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें योजना के लाभ से अवगत कराएं। बैठक में महतारी वंदन योजना, एकीकृत बाल विकास कार्यक्रम, बाल संरक्षण, आंगनबाड़ी सेवाएं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना और सखी वन स्टॉप सेंटर सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई।

श्रीमती ठाकुर ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आज सरगुजा जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों और सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने दर्रीपारा स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं के लिए आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके बाद श्रीमती ठाकुर ने जिले के

आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया तथा सुपोषण चौपाल लगाकर महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को पोषण के प्रति सजग रहने सलाह दी। इस मौके पर उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत पौधारोपण किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की महिला और बाल विकास मंत्री राजवाड़े भी शामिल हुईं।

मोर संगवारी योजना

उपमुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव कल उनतीस जुलाई को राज्य की चार नगर पालिकाओं – मंदिर हसौद, बांकी मोंगरा, लोरमी और पंडरिया में "मोर संगवारी" योजना का विस्तार करेंगे। श्री साव लोरमी में आयोजित कार्यक्रम में इस योजना की शुरूआत करेंगे। कार्यक्रम में ''मोर संगवारी'' अपांइटमेंट मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया जाएगा।

''मोर संगवारी'' के अंतर्गत नागरिकों के लिए चैट बोट की सुविधा व्हाट्सअप के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही तत्काल अपांइटमेंट लिए जाने और मुहैया कराई जा रही सेवाओं के लिए आवश्यक दस्तावेज संबंधी सभी जानकारियां भी प्रदान की जाएंगी। शासकीय कार्यालयों से नागरिक सेवाएं घरों तक पहुंचाने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर "मोर संगवारी" योजना का विस्तार किया जा रहा है।

जनसमस्या निवारण पखवाड़ा

प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में इन दिनों जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े के पहले दिन कल सात हजार सात सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से चार हजार दो सौ से अधिक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। उपमुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने सभी नगर निगमों के आयुक्तों और संभागीय क्षेत्रीय कार्यालयों के संयुक्त संचालकों से फोन पर बातकर शिविरों के सुचारु संचालन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ आवेदनों का तत्काल निराकरण करने को कहा है। यह पखवाड़ा दस अगस्त तक चलेगा।

आईईडी विस्फोट–बालक मौत

बीजापुर जिले में आईईडी की चपेट में आने से दस वर्षीय एक बालक की मौत हो गई है। जिले के पुलिस अधीक्षक ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़िया–मुरूमपारा के पास माओवादियों ने प्रेशर बम लगा रखा था, जिसकी चपेट में मवेशी चराने गया एक बालक आ गया। आईईडी के विस्फोट से बालक के हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई थी, जिसे सुरक्षा बलों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

इस बीच, दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने एक माओवादी स्मारक को ध्वस्त कर दिया है। बारसूर थाना क्षेत्र के ग्राम कोसलनार–मंगनार में माओवादियों के मौजूद होने की सूचना पर आज डीआरजी और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम रवाना की गई थी। इसी दौरान सुरक्षा बलों को ग्राम कोसलनार के पास टेंट और माओवादी स्मारक दिखाई दिया, जिसे ध्वस्त कर दिया गया।

निशानेबाजी–मनु भाकर

पेरिस ओलंपिक में भारत को पहला पदक मनु भाकर ने दिलाया है। आज दस मीटर एयर पिस्टल इवेंट में उन्होंने दो सौ इक्कीस दशमलव सात अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। मनु निशानेबाजी में भारत को पदक दिलाने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं। निशानेबाजी में भारत को बारह साल बाद पदक मिला है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पेरिस ओलिम्पिक्स में कांस्य पदक जीतकर भारत की पदक तालिका खोलने के लिए मनु भाकर को बधाई दी है।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में आगामी चौबीस घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने और भारी वर्षा होने की चेतावनी भी दी गई है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से दक्षिण छत्तीसगढ़ रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार ऊपरी हवा का एक चक्रीय चक्रवाती घेरा उत्तर छत्तीसगढ़ और उसके आसपास स्थित है। वहीं, छत्तीसगढ़ से होकर एक मानसून द्रोणिका भी गुजर रही है। इसके असर से राजधानी रायपुर सहित कई जिलों में बीते कुछ दिनों से रूक–रूककर बारिश हो रही है। लगातार बारिश के चलते कई नदी–नाले उफान पर हैं। साथ ही निचली बस्तियों में भी पानी घुस गया है।

वहीं, दुर्ग जिले में स्थित मोंगरा जलाशय से बारह हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसके कारण शिवनाथ नदी का जलस्तर फिर से बढ़ने लगा है। वहीं, महमरा एनीकट से साढ़े पांच फीट ऊपर पानी बह रहा है। जल संसाधन विभाग ने मोंगरा जलाशय से और अधिक पानी छोड़े जाने की संभावना व्यक्त की है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>